दिन– रविवार | दिनांक– 01/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगी।

02. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र कल से हो रहा है शुरू। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव तीन फरवरी को राज्य का बजट पेश करेंगे।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा कल से हो रही है शुरू। परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी।

04. और, माघी पूर्णिमा पर प्रदेशभर में गंगा समेत अन्य नदियों और सरोवरों में पवित्र स्नान जारी।

———————————————————

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में वित्त वर्ष दो हजार छबबीस–सत्ताईस का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट पेश होने के बाद बजट की प्रति राज्यसभा में पेश की जाएगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का तीसरा बजट होगा। बजट तैयार करने से पहले, वित्त मंत्री ने विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श बैठकें कीं। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यापक बजट पूर्व परामर्श बैठकें कीं और वित्त मंत्री को सुझावों की संकलित रिपोर्ट सौंपी। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। उन्होंने 2019 में वित्त मंत्री का पदभार ग्रहण किया था। अपने बजट भाषण में वह अगले वित्त वर्ष के लिए आर्थिक विकास के रूपरेखा के साथदृसाथ सरकार की आय और व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करेंगी। बजट तैयार करते समय केंद्र सरकार द्वारा युवाओं समेत आम नागरिकों से अलगदृ अलग माध्यमों के जरिए सुझाव मांगे गए थे जिसकी झलक केंद्रीय बजट 2026–27 में देखने को मिलेगी। बजट भाषण पूरा होने के बाद बजट से जुड़े सभी दस्तावेज यूनियन बजट मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। बजट पेश करने के बाद वित्त मंत्री देश के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 30 कॉलेज छात्रों से भी संवाद करेंगी। बजट सत्र 28 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू हुआ था जो 2 अप्रैल तक चलेगा। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। यह सत्र सत्ताईस फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानमंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संबोधित करेंगे। इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा। राज्यपाल द्वारा स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर

रखी जायेगी। सत्र के दूसरे दिन तीन फरवरी को वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगे। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने बताया है कि बजट सत्र के दौरान सुरक्षा की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी और आठ क्यूआरटी भी सक्रिय रहेगा।

——————————————————

बिहार विधानमंडल में तीन फरवरी को राज्य सरकार अपना बजट पेश करेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नवगठित एनडीए सरकार का यह पहला पूर्ण बजट होगा। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट आकार तीन लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये होने की सम्भावना है। यह राशि पिछले बजट से लगभग उन्नीस प्रतिशत तक अधिक होगी। इस बार के बजट में मुख्य रूप से सात निश्चय तीन पर सरकार का फोकस रहेगा। राज्य के विकास और बजट आकार में बढ़ोतरी के साथ गैर योजना स्थापना और प्रतिबद्ध खर्च में बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही बड़े पैमाने पर विभिन्न विभागों में नियुक्तियों का भी प्रस्ताव है। इसके चलते बजट में वेतन–पेंशन मद में बढ़ोतरी की सम्भावना जतायी जा रही है। इसके अलावा सरकार का मुख्य फोकस औद्योगिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत संरचनाओं के निर्माण पर होने की सम्भावना है। साथ ही लोगों की निगाहें उन घोषणाओं पर भी टिकी हैं, जिनसे उनके जीवन स्तर सुधार हो।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से अनुपम कुमार।

——————————————————

राम मंदिर से जुड़े सभी निर्माण कार्य तीस अप्रैल तक पूरे हो जाएंगे। अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि निर्माण एजेंसियों की एक छोटी टीम अगले तीन वर्षों तक मंदिर परिसर में रखरखाव कार्य के लिए तैनात रहेगी। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के निर्माण पर अब तक लगभग एक हजार नौ सौ करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

———बाईट———

लगभग भुगतान जो हुआ है वह 1600 करोड़ का हो चुका है। 1800 करोड़ से 1900 करोड़ मोटादृमोटी कुल मिलाकरके व्यय की संभावनाएं हैं, उसका ही आलेख दिया जा रहा है। इसमें टैक्स भी जुड़ा हुआ है जीएसटी का। तो इस कार्य को हम लोग प्राथमिकता पर फरवरी के बाद मार्च और अप्रैल में पूर्ण करना चाहेंगे।

——————————————————

संत रविदास की जयंती आज पूरे देश में मनाई जा रही है। वे 14वीं शताब्दी के संत और उत्तर भारत में भक्ति आंदोलन के संस्थापक थे। यह दिवस हिन्दू कैलेण्डर के अनुसार माघ महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु वाराणसी में गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर गोवर्धनपुर में एकत्र होते हैं और उनकी

जयंती मनाते हैं। संत रविदास ने जाति का भेदभाव मिटाकर लोगों को एकजुट करने के लिए प्रोत्साहित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन्, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

————————————————

माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज प्रदेशभर में श्रद्धालु गंगा समेत अन्य नदियों और सरोवरों में पवित्र स्नान कर रहे हैं। राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में पुण्य स्नान को देखते हुये प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किये हैं। राजधानी पटना की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यातायात पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आज सुबह चार बजे से अशोक राजपथ पर कारगिल चौक से गायघाट तक सामान्य वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस दौरान वाहन जे.पी. गंगा पथ से गुजर सकेंगे। आपातकालीन सेवा पर प्रतिबंध नहीं रहेगा। शहर में बड़े व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश भी बंद कर दिया गया है।

————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश में ठंड जारी रहेगी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत कई स्थानों के अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि सर्द हवाओं के कारण राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–मध्य भागों में विभिन्न स्थानों पर ठंड में बढ़ोतरी होगी। वहीं, कई अन्य क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रह सकता है।

———बाइट———

इधर, केन्द्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि फरवरी महीने में तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है और बारिश के भी कम होने के आसार हैं।

————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा कल से शुरू हो रही है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि परीक्षा के आयोजन की सारी तैयारियों को पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए प्रदेशभर में एक हजार सात सौ बासठ परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इन केन्द्रों पर तेरह लाख सत्रह हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू

होगी। अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले तक प्रवेश मिलेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किये गये हैं।

——————————————————

राज्य में इंटरमीडिएट और मैट्रिक की परीक्षा को लेकर रेलवे ने दानापुर मंडल के अन्तर्गत कुछ स्टेशनों और हॉल्ट पर मेमू सवारी गाड़ियों के ठहराव का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि मंडल के चम्पापुर, सालीमपुर, करौटा, मंझौलीग्राम और बुद्धदेवचक यादव नगर हॉल्ट पर मोकामा–पटना–मोकामा तथा झाझा–दानापुर–झाझा सवारी गाड़ियों का ठहराव दो से अट्ठाईस फरवरी तक दिया गया है।

——————————————————

आकाशवाणी पटना से आज केन्द्रीय बजट पर सजीव प्रसारण किया जायेगा। इसके कारण सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण शाम पांच बजे से किया जायेगा।

वहीं, आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार के साथ विशेष बातचीत आज संध्या चार बजे से प्रसारित होगी।

——————————————————

भारत ने पांच टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के अंतिम मैच में न्यूजीलैंड को छियालीस रन से हरा दिया। इसके साथ ही भारत ने श्रृंखला चार–एक से अपने नाम कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित बीस ओवर में पांच विकेट पर दो सौ इकहत्तर रन बनाए। ईशान किशन ने सबसे अधिक एक सौ तीन और कप्तान सूर्य कुमार यादव ने तिरेसठ रन की तूफानी पारी खेली। भारत की ओर से अर्शदीप ने पांच और अक्षर पटेल ने तीन खिलाडियों को आउट किया। ईशान किशन को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया, जबकि कप्तान सूर्य कुमार यादव को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी का पुरस्कार मिला।

——————————————————

दरभंगा जिले में पक्षियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद राजधानी पटना में भी पशुपालन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। बिहार पशुपालन विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर कौशलेन्द्र कुमार ने बताया कि कटिहार में सौ से अधिक कौओ की

मौत हो गयी है। राज्य के कुछ अन्य स्थानों से भी पक्षियों के मरने की खबर है, जिसके कारण लोगों से सावधान रहने की अपील की गयी है।

———————————————————

राज्य के सरकारी विद्यालयों के अन्तर जिला स्थानांतरित शिक्षकों के योगदान की तिथि सात फरवरी तक बढ़ा दी गयी है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम वीरकर ने बताया कि इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया है।

———————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले में राजस्व और खुफिया निदेशालय पटना की टीम ने बत्तीस किलो चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में सतहत्तर लाख रूपये से अधिक बतायी गयी है।

———————————————————

उद्योग मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया है कि राज्य के बारह जिलों में पच्चीस नई औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि इन इकाईयों में लगभग बारह सौ लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

———————————————————

राज्य के सरकारी स्कूलों में खेल–कूद और शारीरिक व्यायाम को बढ़ावा देने के लिए पांच हजार से पच्चीस हजार रूपये दिये जायेंगे। राज्य परियोजना निदेशक ने बताया कि इस राशि से खेल–कूद के सामान खरीदे जायेंगे।

———————————————————

पूर्णिया जिले के नगर थानाध्यक्ष मुन्ना पटेल को कार्य में लापरवाही के आरोप में आईजी विवेकानंद ने निलंबित कर दिया है।

———————————————————

दरभंगा जिले की स्थानीय अदालत ने हत्या के एक मामले में पांच लोगों को उम्रकैद और पांच–पांच लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोइलवर पुल पर देर रात ट्रक और ऑटो के बीच टक्कर में ऑटो सवार पांच लोगों की मौत हो गयी। जबकि पांच अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं।

———————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले में एसटीएफ ने अठारह हजार पांच सौ रूपये के जाली नोट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की खबर है– पटना में नीट छात्रा हत्या मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गयी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मुख्यमंत्री के फैसले की जानकारी दी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है–स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड में तीन निजी संस्थानों का फर्जीवाड़ा उजागर। सीट से अधिक विद्यार्थियों को जानबूझकर दिलाया शिक्षा ऋण।

दैनिक भास्कर लिखता है– राज्य में संतावन लाख अंठावन हजार किसानों का अब तक नहीं बना फॉर्मर आईडी, भटक रहे किसान।

प्रभात खबर ने लिखा है– तीन साल की रैली पर ब्रेक। मुनाफा वसूली से चांदी में एक लाख सत्ताईस हजार और सोने में साढ़े चौबीस हजार रूपये की महागिरावट।

आज अखबार की सुर्खी है– बच्चों की ड्रेस पर निखर रहा महिलाओं के हाथों का हुनर।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगी।

02. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र कल से हो रहा है शुरू। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव तीन फरवरी को राज्य का बजट पेश करेंगे।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा कल से हो रही है शुरू। परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी।

04. और, माघी पूर्णिमा पर प्रदेशभर में गंगा समेत अन्य नदियों और सरोवरों में पवित्र स्नान जारी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।